# हिंदी (सामान्य)- 2011

कक्षा : 12वीं

समय -3 घण्टे] [पूर्णांक - 100

निर्देश (1) सभी प्रश्न अनिवार्य है।

(2) प्रत्येक प्रश्न के लिए आबंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

(3) आरम्भ में दिये गये वस्तुनिष्ठ प्रश्न सबसे पहले हल कीजिए।

(4) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिए (5x5 = 25) एक-एक अंक निर्धारित है।

(5) प्रश्न क्रमांक 6 से 15 में प्रत्येक के लिये चार अंक निर्धारित है।

(6) प्रश्न क्रमांक 16 से 20 में प्रत्येक के लिए पाँच अंक निर्धारित है।

(7) प्रश्न क्रमांक 21 के लिए दस अंक निर्धारित हैं।

"वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्रश्न 1. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति दिये गये विकल्पों के आधार पर कीजिए।

(1) रहीम के अनुसार .......... को क्षमा करना चाहिए। (छोटों/बड़ों)

(2) मेरे सपनों का भारत' निबन्ध ......... द्वारा रचित है। (महात्मा गाँधी/ए.पी.जे. अब्दुल कलाम)

(3) हिंदी साहित्य का प्रथम राष्ट्रीय कवि ....... को माना गया है। (भूषण/बिहारी)

(4) बाबू गुलाबराय ....... युग के प्रमुख निबन्धकार थे। (भारतेन्दु/शुक्ल)

(5) मुहावरा एक ........ होता है। (वाक्यांश/पूर्ण वाक्य)

प्रश्न 2. निम्नलिखित कथनों के लिए सही विकल्प चुनिए-

(1) 'जलद' का अर्थ है-

(अ) बादल (ब) कमल (स) पानी (द) वर्षा

(2) एकांकी ‘बीमार का इलाज’ के लेखक है-

(अ) जयशंकर प्रसाद (ब) देवेन्द्र दीपक

(स) कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर' (द) उदयशंकर भट्ट

(3) “यथाशक्ति" में समास है-

(अ) बहुब्रीहि (ब) अव्ययीभाव (स) द्विगु (द) द्वन्द्व

(4) मुगल सम्राट अकबर सम्मान करता था-

(अ) देशद्रोही का (ब) कायर का (स) वीरता का (द) घमंडी का

(5) भगवान कृष्ण का संबंध किस स्थान से है?

(अ) बनारस (ब) पंचवटी (स) अयोध्या (द) वृंदावन

प्रश्न 3. निम्नलिखित कथनों में सत्य/असत्य छाँटिये-

(अ) बालकवि बैरागी जी मूलत: मालवी कवि हैं।

(ब) गिरिराज भारतीय गौरव की पहचान नहीं है।

(स) गांधीजी अक्षर-ज्ञान को ही शिक्षा समझते थे।

(द) आवश्यकता आविष्कार की बहन है।

(इ) सूरदास का वात्सल्य वर्णन विश्व साहित्य की अमूल्य निधि है।

प्रश्न 4. निम्नलिखित की सही जोड़ी मिलाइए-

| (अ) | (ब) |
|---|---|
| (अ) ठेस | (1) कविता |
| (ब) निष्ठामूर्ति कस्तूरबा | (2) निबन्ध |
| (स) हिमालय और हम | (3) पत्र |
| (द) दक्षिण भारत की एक झलक | (4) कहानी |
| (इ) पत्र जो इतिहास बन गये | (5) संस्मरण |

प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा एक वाक्य में दीजिए-

(1) मंत्री ने राजा को क्या सलाह दी?

(2) सिरचन का व्यवसाय क्या था?

(3) हाथी, घोड़े, रथ और पैदल इन चारों अंगों से युक्त सेना को क्या कहते

(4) एक ही शब्द के अर्थ आपस में चिपके होने पर कौन-सा अलंकार होता है?

(5) जिस वाक्य द्वारा प्रश्न किया जाए उसे कौन-सा वाक्य कहते हैं?

प्रश्न 6. “जागो फिर एक बार" में सांस्कृतिक चेतना का उन्मेष क्यों किया गया है?

(अथवा) कवि माँ से क्या कामना करता है?

प्रश्न 7. गोपालसिंह नेपाली के अनुसार हिमालय की छाया में रहने से क्या लाभ है?

(अथवा) ‘रहीम' ने सच्चा मित्र किसे कहा है? सच्चे मित्र की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

प्रश्न 8. 'नर और नारायण' पाठ में लेखक का आनंद आशंका में क्यों बदल गया?

(अथवा) कन्याकुमारी में कौन-कौन से समुद्रों का मिलन होता है?

प्रश्न 9. मोमबत्ती बुझाने पर परिवेश कैसे बदला?

(अथवा) शून्य का आविष्कार किसने किया एवं अल्बर्ट आइंस्टाइन ने इस सम्बन्ध में क्या कहा था?
http://www.mpboardonline.com

प्रश्न 10. सिरचन कौन-कौनसी वस्तुएँ बनाना जानता था?

(अथवा) राजा का चुनाव करना क्यों आवश्यक था?

प्रश्न 11. 'यशोधरा की व्यथा' कविता में शरदताप किसका सूचक है?
(अथवा) भूषण की कविताओं में किस गुण की प्रधानता है एवं भूषण किन- किन राजाओं के आश्रय में रहे?

प्रश्न 12. भारतेन्दु युग के निबन्धो की चार विशेषताएँ लिखिए।
(अथवा) द्विवेदी युग के प्रवर्तक कौन थे? द्विवेदी युग के किन्हीं दो निबन्धकारों के नाम उनकी एक-एक रचना के साथ लिखिए।

प्रश्न 13. (अ) निम्नलिखित वाक्यों का शुद्ध कीजिए (कोई-दो)
(क) मालती जोशी विद्वान महिला है।
(ख) मोहन आटा पिसा कर लाया।
(ग) वह एक आँख से काना है।
(ब) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए (कोई- दो)
(क) अंधे की लाठी (ख) नाकों चने चबाना (ग) पौ बारह होना।
प्रश्न 14. (अ) निम्नलिखित शब्द-युग्मों का अलग-अलग अर्थों में प्रयोग करते हुए वाक्य बनाइये (कोई दो)
(क) अंश - अंस (ख) अलि – अली (ग) अवधि - अवधी
(ब) निर्देशानुसार वाक्य बदलिए (कोई दो)
(क) वह पढ़ रहा है। (संदेहवाचक)
(ख) यह आप क्यों पूछ रहे हो? (विस्मयादिबोधक)
(ग) मेरे पास बिगड़ी हुई घड़ी है। (मिश्र कश्य)

प्रश्न 15. निम्नलिखित अवतरणों में से किसी एक का भाव-पल्लवन कीजिए-
(1) . खग-मृग वसंत आरोग्य वन, हरि अनाथ के साथ।
(अथवा) (2) मन के हारे हार है मन के जीते जीत।

प्रश्न 16. निम्नलिखित गद्यांश की सन्दर्भ व प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए
"दुनिया में दो अमोघ शक्तियाँ हैं- शब्द और कृति। इसमें कोई शक नहीं कि शब्दों ने सारी पृथ्वी को हिला दिया है। किन्तु अन्तिम शक्ति तो कृति की है। महात्मा जी ने इन दोनों शक्तियों की असाधारण उपासना की है।"
(अथवा) बल के साथ बुद्धि का एकत्र संयोग सौभाग्यश्री का पुनीत वरदान है। जिस मनुष्य जाति या राष्ट्र को महामाया का यह वरदान प्राप्त है, सफलता उसके सामने हाथ बाँधे खड़ी रहने में अपने जीवन

की चारितार्थक मानती है और विजय उसकी आँख के सूक्ष्म संकेत पर नाचने में अपना गौरव अनुभव करती है।

प्रश्न 17. निम्नलिखित में से किसी एक पद्य का सन्दर्भ व प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए-
संदेसौ देवकी सौ कहियौ,
हो तो धाइ तिहारे सुत की मया करत ही रहियौ।
जदपि टेव तुम जानति उनकी, तऊ मोहिं कहि आवै,
प्रात होत मेरे लाड़ लडैतें, माखन रोटी भावै।
तेल उबटनौ अरु तातौ जल, ताहि देखि भजि जाते।
जोइ-जोइ माँगत सोइ-सोइ देती, क्रम-क्रम करिकै न्हाते।।
(अथवा) मैं धरा का धैर्य हूँ,
ज्योति हूँ मैं ही गगन की;
अग्नि की मैं ही लपट हूँ
तीव्र गति हूँ मैं पवन की,
नीर का गंभीर स्वर हूँ
वत्सला हूँ-वंदना हूँ
मैं जननि हूँ- जन्मदात्री, विश्व की शुभकामना हूँ।

प्रश्न 18. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर इसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए-
फलस क्या है?
और तो कुछ नहीं है वह
नदियों के पानी का जादू है वह
हाथों के स्पर्श की महिमा है
भूरी-काली संदली मिट्टी का गुण धर्म है
रूपांतर है सूरज की किरणों का
सिमटा हुआ संकोच है हवा की थिरकन का।
प्रश्न- (1) पद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए।
(2) फसल पर किसका जादू चलता है।
(3) उपर्युक्त पंक्तियों का भार स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 19. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर इसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए-
विश्व का वर्तमान उन्नत रूप मानव-श्रम की ही कहानी कह रहा है। गगनचुम्बी अट्टालिकाएँ, लंबी-चौड़ी सड़के, बड़े-बड़े विशाल नगर, आकाश में उड़ते वायुयान तथा मानव- जीवन को सुखी और

समृद्ध बनाने में योगदान करने वाले ज्ञान-विज्ञान के अनंत रूप से सभी मनुष्य के श्रम का जयघोष करते हैं। स्पष्ट है कि मनुष्य और उसका शरीर विधाता की अनुपम रचना है जो निश्चय ही महान उद्देश्यों की सम्पूर्ति के लिए दिया गया है। इस दुर्लभ तन को यदि हम आलस्य, प्रमाद अथवा घटिया कामों में गँवा देते हैं तो विधाता के प्रति अन्याय करते हैं।

प्रश्न- (क) गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

(ख) गद्यांश का सारांश लिखिए।

(ग) किस बात को विधाता के प्रति अन्याय कहा गया है?

प्रश्न 20. बाढ़ के कारण परिवहन व्यवस्था न होने से आप विद्यालय नहीं जा सके। प्राचार्य को अनुपस्थिति का कारण स्पष्ट करते हुए तीन दिन का अवकाश देने हेतु

प्रार्थना-पत्र लिखिए। http://www.mpboardonline.com

(अथवा) अपने छोटे भाई को उसके जन्म-दिन के उपलक्ष्य में बधाई-पत्र लिखिए।

प्रश्न 21. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए-

(क) जल ही जीवन है।

(ख) दूरदर्शन- आज के जीवन की आवश्यकता

(ग) परिश्रम- प्रगति का आधार

(घ) जीवन में खेलों का महत्व

(ङ) अनुशासन- छात्र जीवन की बुनियाद।

*********